प्रेस- विज्ञप्ति

बुंदेलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड
(एनएचपीसी एवं यूपीनेडा का सन्युक्त उद्यम)

माननीय प्रधानमंत्री ने बीएसयूएल (यूपीनेडा व एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट के जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला रखी

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 4 मार्च, 2024 को आदिलबाद, तेलंगाना में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1200 मेगावाट के जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला रखी ।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने आदिलाबाद, तेलंगाना में 4 मार्च, 2024 को बीएसयूएल (यूपीनेडा के साथ एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट की जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला रखी । ये परियोजना भारत सरकार के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में गति प्रदान करेंगी।

बीएसयूएल (यूपीनेडा व एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क को 796.96 करोड़ रुपए के कुल निवेश से भारत सरकार की सोलर पार्क स्कीम, मोड-8ए (अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क - यूएमआरईपीपी) के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है। यह पार्क प्रत्येक वर्ष लगभग 2400 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादित करेगा, जो 25 वर्ष के जीवनकाल में 432 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में सहायता करेगा।

यह पार्क उत्तर प्रदेश राज्य के विकास में भी सहायता करेगा और राज्य के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा तथा निर्माण चरण के दौरान 7000 अकुशल रोजगार और प्रचालन व अनुरक्षण चरण के दौरान 700 रोजगार सृजित करेगा । इस सोलर पार्क में, 5400 करोड़ रुपए के निवेश से 100 मेगावाट क्षमता की 12 विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। भारतीय रेलवे भी विद्युत की 1400 मिलियन यूनिट क्रय करने का विचार कर रही है, जिससे रेलवे का नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो मजबूत होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र में विकास के अवसरों को भी बढ़ावा देगी।

इस समारोह में तेलंगाना राज्य की माननीया राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, तेलंगाना राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के माननीय केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और विकास मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे। माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह और संसद सदस्य, बाड़मेर श्री कैलाश चौधरी ने भी वर्चुअल मोड के माध्यम से इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

*****

04.03.24

लखनऊ